आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 18.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- प्रदेश में संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर समिति का गठन।
- जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है।
- पहाडी इलाको में हुई बर्फबारी से प्रदेश में सर्दी का असर बढ़झं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी तीन देशों के दौरे के दूसरे चरण में आज सुबह ब्राजील पहुंचे। सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्थिति प्रस्तुत करेंगे। श्री मोदी जी–20 के पिछले वर्ष नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र के परिणामों के साथ–साथ हाल के वर्षों में भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के परिणामों पर भी चर्चा करेंगे। इस वर्ष के जी–20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक न्यायसंगत विश्व और एक सतत ग्रह का निर्माण' है। शिखर सम्मेलन के अलावा श्री मोदी का अन्य देशों के नेताओं के साथ बैठकें करने का भी कार्यक्रम है। इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब सुविधा में जीने की स्थिति से बाहर निकल कर नवाचार को अपना रहा है और विकास के लिए नए रास्ते बना रहा है, जो उसकी शानदार पहचान बन चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश ने नई यात्रा शुरु की है। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में अब डेढ़ लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्ट अप्स हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दशक में भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 2 लाख करोड़ डॉलर जोड़े। प्रधानमंत्री ने बताया कि अंतरिक्ष उद्योग में भारत ने जो प्रगति की है उसकी सराहना दुनिया कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने अफ्रीका की आवाज को वैश्विक मंचों पर उठाने के लिए हर संभव प्रयास किया है।

000000

राज्य में वर्तमान में चल रहे संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर समिति का गठन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से गठित इस समिति का अध्यक्ष वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति कैलाश सोडाणी को बनाया गया है जबकि हनुमान सिंह राठौड़ शिक्षाविद समिति के उपाध्यक्ष होंगे। एनसीईआरटी दिल्ली के शिक्षाविद डी रामाकृष्ण राव सलाहकार समिति में सदस्य बनाए गए हैं जबकि सदस्य सचिव के रूप में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता कार्य करेंगे। ये समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों और राज्य तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए पाठयक्रम की समीक्षा करेगी। समिति तीन दिन के बाद अपनी रिपोर्ट राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उदयपुर को प्रस्तुत करेगी।

000000

परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह के बलिदान दिवस पर आज जोधपुर में उनकी याद में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पावटा चौराहा स्थित परमवीर मेजर शैतानसिंह सर्कल पर कार्यक्रम

रखा गया है। चौराहे को फूलों से सजाया गया है। इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों, सैनिको, सेवानिवृत अधिकारियों, गौरव सेनानियों और आम नागरिकों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। गौरतलब है कि 1962 के भारत– चीन युद्ध मे मेजर शेतान सिंह ने साहस और वीरता का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

000000

जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। जयपुर की स्थापना आज ही के दिन वर्ष 1727 में हुई थी। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। अल्बर्ट हॉल पर जयपुर लाकरंग उत्सव का आयोजन किया जायेगा। लोकरंग में 150 से ज्यादा लोक कलाकार राजस्थानी लोक गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देंगे। जयपुर हेरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा और गायक थानू खा भी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान लोक कलाकारो का सम्मान भी किया जाएगा।श्रीमती यादव ने कहा कि इसी के साथ पिछले एक महीने से जारी कार्यक्रमों का आज समापन हो जायेगा।

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से भी जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। आज मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजन के साथ ही महाआरती का कार्यक्रम है। वहीं गोविंद देवजी मंदिर में भी पूजा अर्चना की जायेगी।

00000

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आज राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक कलाकार नृत्य और गायन की प्रस्तुति देंगे। जयपुर के लोक कलाकार चरी और भवई नृत्य का प्रदर्शन करेंगे। वहीं बाड़मेर के कलाकार खडताल और भरतपुर के कलाकार भपंग वादन की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही तेरहताल नृत्य और कालबेलिया नृत्यों की प्रस्तुति होगी।

00000

पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फ बारी के असर से प्रदेश में भी सर्दी में बढोतरी हुई है। कई स्थानों पर घना कोहरा भी छा रहा है। पिछले 24 घंटो में प्रदेश के कई शहरों में रात का पारा 15 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। माउंट आबू का रात का पारा 7 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। अजमेर में भी सर्दी जोर पकड़ने लगी है। आम दिनों के मुकाबले हवाओं में ठंडक महसूस की जा रही है। उधर भरतपुर में सुबह कोहरा छाने से वाहन चालको को परेशानी हो रही है। सवाई–माधोपुर में मौसम का मिजाज बदल गया है। उधर चूरू में रात का तापमान गिरकर 8 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया।

हनुमानगढ़ और जोधपुर जिलों में भी सुबह कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है।

00000

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के पूर्व प्रेस सचिव एस एम खान का निधन हो गया है। वे 67 वर्ष के थे। उन्होंने नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। 1982 बैच के आईआईएस अधिकारी एस एम खान ने डीडी समाचार के महानिदेशक के रूप में भी काम किया था।

00000

हनुमानगढ़ के भादरा के गांव भनाई के पास कल देर शाम एक जीप की टक्कर से मोटरसाईकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। जीप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

000000